हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

11 वेतन कटौती के विरोध में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों...



12 श्रीराम को राज सिंहासन की जगह मिला 14 वर्ष का...



खबर संक्षेप

चोरी मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

उकलाना। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी साहिल निवासी उचाना को गिरफ्तार किया है। लितानी गांव निवासी अजय ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 जून को उसके सर्विस स्टेशन से मोटर, वैक्यूम मशीन तथा पंप चोरी हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में आरोपी विकास व गौरव निवासी जींद को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी साहिल ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद आरोपी द्वारा घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया गया है।

महिला से जेवर छीनने का एक और आरोपी दबोचा

हिसार। पुलिस ने स्नेचिंग की वारदात मामले में मुख्य आरोपी संदीप उर्फ गुजराती को गिरफ्तार किया है। कैमरी रोड निवासी कृष्णा देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह सुबह गली में टहल रही थीं, तब बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर उनके कानों की सोने की झुमकी-कनोती तथा गले का सोने का ढोल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की जांच करते हुए सहायक उप निरीक्षक राजकुमार की टीम ने पहले आरोपी बिजेंद्र निवासी गांव फफड़ाना को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी बिजेंद्र ने वारदात में अपने साथी संदीप उर्फ गुजराती निवासी सिसाय कालीरावण के शामिल होने का खुलासा किया था।

धांसू में कल बिछेंगी शतरंज की बिसातें

हिसार। ग्रामीण अंचल के बच्चों में खेल प्रतिभा को निखारने और शतरंज के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से जिला हिसार शतरंज संघ की ओर से 18 अक्टूबर को लक्ष्य पब्लिक स्कूल, धांसू में 'जिला स्तरीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप' होगी। जिला संघ के वरिष्ठ प्रतिनिधि एडवोकेट नीरज वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 'ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन' के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास वर्मा करेंगे। समारोह की अध्यक्षता लक्ष्य पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रमेश कुमार करेंगे तथा प्रिंसिपल सुखजिंदर चाहर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। एडवोकेट नीरज वर्मा ने जानकारी दी कि इस जिला स्तरीय ब्लिट्ज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। द हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के सानिध्य व पानीपत चेस एसोसिएशन द्वारा आगामी 14 और 15 नवंबर को पानीपत में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

किन्नर समाज के विवाद पर शहरवासियों का कड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में किन्नर समाज के दो गुटों के बीच हाल ही में अनाज मंडी चौकी के बाहर हुए विवाद और नग्न प्रदर्शन की घटना के बाद शहर के सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठन गंभीर हो गए हैं। इस मामले को लेकर सिटी थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुई एक बैठक में शहर की प्रमुख एसोसिएशनों ने सर्वसम्मति से बड़ा निर्णय लिया है। जब तक दोनों गुट आपसी सहमति से अपने क्षेत्र तय नहीं कर लेते, तब तक शहरवासियों से किसी भी गुट को दान-दक्षिणा न देने की अपील की गई है।

एक गुट बधाई ले दुआएं देता है; दूसरा न मिलने पर बद्दुआएं क्षेत्र विवाद समाप्त होने तक नहीं दी जाएगी कोई दान-दक्षिणा



बद्दुआओं से बढ़ रही थी परेशानी

बैठक में शामिल प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर में स्थिति यह बन गई है कि एक ही परिवार या प्रतिष्ठान से पहले एक गुट दान-दक्षिणा लेकर जाता है, और कुछ समय बाद दूसरा गुट पहुंच जाता है। एक गुट दुआएं देता है, तो दूसरा गुट दक्षिणा न मिलने पर बददुआएं देने लगता है। इसके चलते आम नागरिकों में असहजता, भय और परेशानी का माहौल पैदा हो गया था। बैठक में स्पष्ट किया गया कि हमारा उद्देश्य किसी समुदाय का अपमान करना नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सम्मानजनक परंपरा को बचाते हुए इस अनुचित व्यवहार को समाप्त करना है। बैठक के दौरान दोनों गुटों को आपस में बातचीत से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों गुट बातचीत के लिए तैयार नहीं हुए और अपने-अपने रुख पर अड़े रहे।

इन संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे मौजूद

बैठक में सेक्टर 13 एवं सेक्टर 14 रेजिडेंशियल एसोसिएशन, क्लॉथ मार्केट हिसार, अनाज मंडी हिसार, राजगुरु मार्केट एवं न्यू राजगुरु बिश्नोई मंदिर मार्केट, गुरुद्वारा रोड मार्केट, बुद्धला संत मंदिर, पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी सहित शहर की अन्य कई सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति या गुट आपके घर या दुकान पर आकर जबरदस्ती, धमकी या अभद्र व्यवहार करता है, तो उससे उलझने के बजाय तुरंत संबंधित पुलिस थाने और अपनी स्थानीय एसोसिएशन को सूचित करें।

ये लिए गए मुख्य निर्णय

- दोनों गुट पहले आपसी सहमति से अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित करें। इसके बाद शहर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी।
- जन्म, विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों पर दी जाने वाली दान-दक्षिणा की उचित राशि आपसी सहमति से तय की जाएगी।
- किसी भी परिवार, दुकानदार या नागरिक पर अतिरिक्त धनराशि के लिए दबाव, अभद्र व्यवहार या जबरदस्ती स्वीकार नहीं की जाएगी।

15 दिन में एक ही परिवार के 3 लोगों को धमकी, रोहित गिरोह के नाम पर विदेशी नंबर से आया वॉइस मैसेज

व्यापारी आनंद गोयल और उनके बेटे से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के कारोबारियों में एक के बाद एक रंगदारी मांगने की मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में अर्बन एस्टेट निवासी प्रमुख व्यापारी आनंद गोयल और उनके बेटे को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल व वॉइस मैसेज भेजकर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी की रकम न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने खुद को रोहित गिरोह का सदस्य बताया है। मात्र 15 दिन के भीतर एक ही परिवार के तीन लोगों से रंगदारी मांगने की इस घटना के बाद पीड़ित परिवार बुरी तरह सहमा हुआ है और सुरक्षा को लेकर दहशत में है। बता दें कि इससे पहले गत 29 सितंबर को आनंद गोयल के भाई व पेट्रोल पंप व्यवसायी प्रमोद गोयल से भी 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। मात्र पखवाड़े भर के भीतर एक ही परिवार के भाइयों और भतीजों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में भारी रोष है। डर के कारण पीड़ित परिवार फिलहाल मीडिया के सामने आने से बच रहा है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग शुक्रवार को पीड़ित व्यापारी के घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।



कई कारोबारियों से मांगी जा चुकी है रंगदारी

व्यापारी नेता बजरंग गर्ग ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि रंगदारी मांगने के मामले में आनंद गोयल ने पुलिस को शिकायत दी है। आनंद गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अर्बन एस्टेट टू निवासी हैं। 15 अक्टूबर को शाम करीब 4.20 बजे वह अपने बेटे अनिरुद्ध, अर्पित के साथ गांव चौधरीवास स्थित अपनी फैक्टरी पर थे। हमारे तीनों के फोन पर एक विदेशी नंबर से व्हाटस एप कॉल आई। जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि रोहित फतेहपुरिया बोल रहा हूं। आपके भाई प्रमोद कुमार से 5 करोड़ रुपये मांगे हुए हैं। अगर वह नहीं दिए तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। विदेशी नंबर से व्हाटस एप पर कॉल में सामने वाले गाली गलौज वाली भाषा का उपयोग करते हुए कहा कि पैसे नहीं दिए तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। कॉल कट गई तो कुछ देर बाद उनके व्हाटस एप पर रिकार्डिड वाइस मैसेज भेजा। आनंद गोयल ने इस बारे में आजाद नगर थाना पुलिस को शिकायत दी है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद शहर में व्यापारियों और कारोबारियों से रंगदारी मांगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पिछले दिनों आदमपुर के एक व्यापारी से 25 करोड़ रुपये, अन्य व्यापारी से 2 करोड़ रुपये, थोक कपड़ा व्यापारी से 5 करोड़ रुपये और बिल्डर सुरेंद्र जांगड़ा से 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले सामने आ चुके हैं। गर्ग ने कहा कि गत 29 सितंबर को पेट्रोल पंप व्यवसायी प्रमोद गोयल से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। मात्र 15 दिनों के भीतर उसके भाई व भतीजे से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है।

गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाजार बंद करने की चेतावनी

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने चेतावनी दी कि पुलिस ने प्रमोद गोयल और आनंद गोयल से रंगदारी मांगने के मामलों में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो व्यापारी हिसार सहित पूरे हरियाणा में बंद और प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी जेलों और विदेशों में बैठकर भी कारोबारियों को धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से व्यापारियों और उद्योगपतियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। गर्ग ने कहा कि फिरौती मांगने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि कारोबारियों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो सके।

पुलिस छानबीन में जुटी : एसपी

पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में जब धमकी भरे रिकॉर्डेड वॉइस मैसेज की आवाज की जांच करवाई गई, तो वह आवाज उस व्यक्ति की नहीं निकली जिसका नाम लेकर धमकी दी गई थी। पुलिस मामले की गंभीरता से हर पहलू पर जांच कर रही है।

-**सिद्धांत जैन**, पुलिस अधीक्षक, हिसार



नगर निगम का अतिक्रमण हटाया, सामान किया जब्त

राजगुरु, बाला जी, बिश्नोई और पूजा मार्केट के साथ आर्य बाजार, पुल तेलियान पर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने अभियान की राजगढ़ रोड से अतिक्रमण हटाकर की। टीम ने साउथ बाइपास सड़क के दोनों और किनारों से अतिक्रमण हटाने के साथ सामान भी जब्त किया। टीम ने इस दौरान एक खोखा भी जब्त किया।

इसके साथ ही टीम ने राजगुरु मार्केट, बाला जी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार, पुल तेलियान, बिश्नोई मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला ऋषि नगर व एचएयू गेट नंबर 2 बालसमंद रोड से मलिक चौक तक सड़क के दोनों और से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बस स्टैंड से लेकर सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की।

बता दें कि मेयर प्रवीण पोपली के निर्देश तथा अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में निगम की टीम विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही है। अभियान का उद्देश्य मुख्य सड़कों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है।



सीनियर राष्ट्रीय हॉकी में हमारी टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

मणिपुर के खिलाफ शुभम और मंजीत ने किए 1-1 गोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

झांसी में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शुक्रवार को हरियाणा ने दूसरा मैच भी अपने नाम किया। हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट का अपना दूसरा मैच खेलते हुए हॉकी मणिपुर को 2-0 से हराकर अपने ग्रुप पूल 'डी' के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। हॉकी हरियाणा टीम के कोच द्रोणाचार्य अवार्डी संदीप सांगवान ने मैच की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा की ओर से पहला गोल शुभम ने 11वें मिनट में फील्ड गोल के माध्यम से किया। दूसरा गोल 42वें मिनट में मंजीत द्वारा किया गया। उन्होंने भी यह फील्ड गोल किया और मणिपुर के भाग्य को सील कर दिया। गोलकीपर अंकित मलिक ने मैच के आखिरी क्वार्टर में, जब स्कोर 2-0 था, एक पेनल्टी स्ट्रोक बचाया। हरियाणा के अंकित मलिक को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। सांगवान के अनुसार मणिपुर के खिलाड़ियों ने मैच को बराबरी पर लाने के अनेक प्रयास किए लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। हॉकी हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील मलिक ने सभी खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर और सपोर्टिंग स्टॉफ को बधाई दी है।

वाटर वर्क्स के बेलदार पर जानलेवा हमला, चार युवकों पर मामला दर्ज

नारनौंद। क्षेत्र के गांव गामड़ा स्थित वाटर वर्क्स में बतौर बेलदार कार्यरत एक युवक पर रास्ते में अज्ञात युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने रास्ते में ब्लॉक वाली ईंटें डालकर मोटरसाइकिल रुकवाई और फिर बेल्ट या बिंडों से ताबड़तोड़ वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

राखी शाहपुर निवासी कुलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गामड़ा के वाटर वर्क्स में बेलदार के पद पर कार्यरत है। 8 अक्टूबर को वह सुबह अपने सहकर्मी सुल्तान निवासी राखी शाहपुर के साथ बाइक से ड्यूटी पर गामड़ा जा रहा था। राखी शाहपुर वाटर वर्क्स से गांव की तरफ मुड़े तो रास्ते में पहले से ही ब्लॉक वाली ईंटें पड़ी थीं। रास्ता बंद होने के कारण जब उन्होंने बाइक रोकी, तो अचानक चार युवक वहां आ गए। उनके हाथों में बिंडे थे। आते ही हमलावरों ने कुलबीर की कमर पर बिंडा दे मारा, और एक वार उसके साथी सुल्तान पर भी किया। हमला होते ही पीछे बैठा सुल्तान डरकर वहां से भाग निकला, जिसके बाद चारों युवकों ने मिलकर कुलबीर को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित कुलबीर ने बताया कि मारपीट के दौरान उसका पैर मोटरसाइकिल में फंस गया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावर उसे बुरी तरह घायल करके मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे तुरंत सरकारी अस्पताल नारनौंद में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हिसार रेफर कर दिया।

नशे की टोह में पुलिस ने राजथल, मोठ व सुलचानी में डॉग स्क्वॉड के साथ दी दबिश

संदिग्ध ठिकाने खंगाले, दो माह से राजथल के ग्रामीण भी दे रहे ठीकरी पहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नशा रोकने के लिए जनता भी दे रही पुलिस का साथ



क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने और तस्करों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के दिशा-निर्देशों के तहत नारनौंद थाना क्षेत्र के गांवों में ताबड़तोड़ सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और डॉग स्क्वॉड टीम के साथ गांव राजथल, मोठ व सुलचानी में विशेष दबिश दी गई। इस दौरान खाली प्लॉटों, खंडहर नुमा भवनों और अन्य संदिग्ध ठिकानों की बारीकी से जांच की गई। वहीं, बास थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी में भी ऐसा ही सर्च अभियान चलाया गया।

ग्रामीण आंचल में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जनता भी अब पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी नजर आ रही है। नारनौंद के गांव राजथल में पिछले दो महीने से ग्रामीण खुद 'ठीकरी पहरा' देकर पहरेदारी कर रहे हैं। दरअसल, गांव की एक विशेष बस्ती के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध रूप से नशे का कारोबार किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर ग्रामीण पहले भी पुलिस के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। ग्रामीणों की इस जागरूकता और पुलिस की निरंतर गश्त से नशे के सौदागरों में अब कड़ा खौफ पैदा हो गया है। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आम जनता से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भी व्यक्ति नशा बेचता या तस्करी करता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि एक नशामुक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।

हिसार के ग्रामीण इलाकों को बड़ी सौगात

20 करोड़ की लागत से मजबूत होंगी 3 सड़कें

- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के प्रयासों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के ग्रामीण अंचल में आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने 5 महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इन विकास कार्यों पर कुल 20 करोड़ 16 लाख 19 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की विशेष पहल पर मंजूर हुए इन प्रोजेक्ट्स से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार होगा और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

जानिए... किस सड़क पर खर्च होंगे कितने रुपये

मंजूर किए गए कार्यों में बरवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव खरड़ अलीपुर से ढाणी रायपुर तक करीब 5.79 किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 17 करोड़ 31 लाख 5 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सड़क पर जल निकासी के लिए नालियों, पुलियों, संकेतक बोर्ड और अन्य जरूरी सुरक्षा सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार गांव रायपुर से शिकारपुर तक 1.98 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 1 करोड़ 25 लाख 59 हजार रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। इस सड़क पर मौजूदा सड़क की सतह को दुरुस्त करने के साथ नई परत बिछाई जाएगी। इसके अलावा न्याणा से शिकारपुर तक 2.21 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए 1 करोड़ 59 लाख 55 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है। इस सड़क पर सुदृढ़ीकरण के साथ जंक्शन सुधार, पुलियों, साइड ड्रेन और सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्य किए जाएंगे।



गांवों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ना लक्ष्य

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि इन तीनों सड़कों के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात बेहद सुगम हो जाएगा। सड़कें मजबूत होने से आम नागरिकों के साथ-साथ विशेष रूप से किसानों, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को आवाजाही में भारी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे राज्य में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और हर गांव को बेहतर सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि लोगों का सफर सुरक्षित और आरामदायक बन सके।



सीसीटीवी सुरक्षा पर आयोग सख्त, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

बाल देखभाल संस्थानों के कैमरे निजी मोबाइल-लैपटॉप से जोड़ने पर प्रतिबंध

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति हरिपाल श्योराण ने जारी की वैधानिक एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति हरिपाल श्योराण ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों में बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को लेकर वैधानिक परामर्श जारी किया है। आयोग ने महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी उपायुक्तों और जिला बाल संरक्षण अधिकारियों से 15 दिन में अनुपालना रिपोर्ट मांगी है।

ये बना हुआ है खतरा

आयोग ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ संस्थानों में सीसीटीवी सिस्टम निजी मोबाइल फोन और लैपटॉप से जुड़े हुए हैं। इससे लाइव फुटेज देखने, रिकॉर्डिंग डाउनलोड करने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का खतरा बना रहता है। आयोग ने इसे बच्चों की निजता और सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है। यह एडवाइजरी सीपीसीआर अधिनियम के तहत जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार सीसीटीवी सिस्टम, फुटेज और पासवर्ड का नियंत्रण संस्थान के प्रभारी के पास रहेगा। इसकी पहुंच केवल अधिकृत कर्मचारियों को दी जाएगी और साझा पासवर्ड का इस्तेमाल नहीं होगा। निजी मोबाइल या लैपटॉप से सीसीटीवी जोडना प्रतिबंधित रहेगा तथा रिमोट एक्सेस डिफॉल्ट रूप से बंद रखना होगा। सीसीटीवी मॉनिटर की फोटो खींचने, स्क्रीन रिकॉर्डिंग करने, फुटेज डाउनलोड या कॉपी करने तथा व्हाटसअप, सोशल मीडिया या ईमेल से साझा करने पर रोक रहेगी। डीवीआर/एनवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखने, पासवर्ड नियमित रूप से बदलने और एक्सेस लॉग की जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। किसी घटना से संबंधित फुटेज कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक सुरक्षित रखनी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि शौचालय, स्नानघर और कपड़े बदलने वाले स्थानों के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

रखना होगा रिकॉर्ड

हर संस्थान को अधिकृत यूजर्स का रिकॉर्ड और फुटेज निकालने का रजिस्टर रखना होगा। इसमें तारीख, उद्देश्य और फुटेज प्राप्त करने वाले व्यक्ति का विवरण दर्ज किया जाएगा। अनधिकृत पहुंच या सुरक्षा में चूक की सूचना तत्काल सक्षम प्राधिकारी को देनी होगी।



महिला एवं बाल विकास विभाग को सभी संबंधित जिला अधिकारियों और बाल देखभाल संस्थानों को एडवाइजरी लागू करने के लिए लिखित निर्देश जारी करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी से जुड़े उपकरणों, लाइव और रिकॉर्डेड फुटेज तक पहुंच रखने वाले व्यक्तियों, पासवर्ड सुरक्षा, रिमोट एक्सेस और रिकॉर्डिंग के सुरक्षित भंडारण की जांच की जाएगी। बालिकाओं से संबंधित संस्थानों में विशेष सुरक्षा उपायों के पालन पर भी ध्यान दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

घर में लगी आग से सामान जला

उकलाना। खंड के गांव बुढ़ाखेड़ा-प्रभुवाला रोड स्थित शांति नगर में गुरुवार रात सीताराम के निवास पर अचानक आग लगने से घर में रखा फ्रिज, एसी, घरेलू सामान, बिजली की फिटिंग और मोटरसाइकिल का काफी हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। सीताराम ने बताया कि आग लगने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग की सूचना प्रशासन को भी दे दी गई है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से घर में रखा सामान जलने के कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

एसकेएम आज घेरेगा भाजपा कार्यालय

हिसार। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 17 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय का घेराव कर प्रधानमंत्री के प्रतीकात्मक का पुतला दहन किया जाएगा। जिलेभर के किसान सुबह 10 बजे किसान रेस्ट हाउस में एकत्रित होकर प्रदर्शन स्थल के लिए रवाना होंगे। मोर्चा के नेता सरदानंद राजली ने बताया कि फसल खरीद में किसानों की लूट, एमएसपी से नीचे बिक्री और किसान विरोधी शर्तों के खिलाफ यह आंदोलन किया जा रहा है। धान और बाजरे की खरीद में प्रति एकड़ सीमा, जिलों की शर्त, पोर्टल के नाम पर किसानों को परेशान करने तथा अवैध कटौती जैसी समस्याओं का किसान विरोध कर रहे हैं।

जनगणना-2027 को लेकर प्रशिक्षण कार्य पूरा

हांसी। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को गति देने के लिए जनगणना निदेशालय हरियाणा की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना की निर्धारित प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं और विभागीय दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम राजेश खोथ के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना के महत्व से अवगत करवाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रमोद कुमार और मास्टर प्रशिक्षक हिमांशु शर्मा ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया।

देश में आज भी 50% महिलाएं एनीमियाग्रस्त

हिसार। गुजवि के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के सौजन्य से विश्व खाद्य दिवस-2026 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह का आयोजन शुक्रवार को हुआ। केंद्रीय विश्वविद्यालय, पंजाब, बठिंडा के पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्रो. विनोद कुमार गर्ग कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पर्यावरण एवं बायो साइंसेज संकाय की डीन प्रो. अलका शर्मा मुख्य अतिथि रही जबकि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से लेकर कुश्ती दंगल और रागनी तक मचेगी धूम

राखीगढ़ी में दिखेगा ऐतिहासिक विरासत और हरियाणवी संस्कृति का अनूठा संगम

- हरियाणा माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अनूप प्रजापति ने महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



हरियाणा माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अनूप प्रजापति ने कहा कि राखीगढ़ी महोत्सव हरियाणा की प्राचीन सभ्यता, ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध लोक संस्कृति को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। वे शुक्रवार को राखीगढ़ी गांव में राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय महोत्सव के माध्यम से राखीगढ़ी की ऐतिहासिक पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन 19 से 25 अक्टूबर तक राखीगढ़ी स्थित संग्रहालय एवं व्याख्या केंद्र में किया जाएगा।

जान सकेंगे प्राचीन सभ्यता के रहस्य

महोत्सव के दौरान 19 से 25 अक्टूबर तक कृत्रिम उत्खनन और लघु फिल्मों के प्रदर्शन की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कृत्रिम उत्खनन के माध्यम से प्रतिभागियों को पुरातात्विक खोज की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिलेगा। वहीं, लघु फिल्मों के जरिए इतिहास, प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों को रोचक एवं ज्ञानवर्धक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। इन गतिविधियों से विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं में इतिहास तथा पुरातत्व के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए आयोजन को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि देश की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है। यहां की प्राचीन सभ्यता और पुरातात्विक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। अनूप प्रजापति ने कहा कि राखीगढ़ी महोत्सव में ऐतिहासिक विरासत और हरियाणवी संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, ऐतिहासिक प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, कृत्रिम उत्खनन, लघु फिल्मों का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विरासत यात्रा, राखीगढ़ी प्रश्नोत्तरी और कुश्ती दंगल सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं, 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाला हरियाणवी रागनी का विशेष कार्यक्रम महोत्सव में लोक संस्कृति के रंग बिखेरेगा।

सम्मेलन 22 से 24 अक्टूबर तक

महोत्सव के अंतर्गत 22 से 24 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्राचीन सभ्यताओं, पुरातात्विक महत्व और ऐतिहासिक विरासत से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह सम्मेलन राखीगढ़ी की ऐतिहासिक पहचान और इसके पुरातात्विक महत्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त 19 से 25 अक्टूबर तक आयोजित प्रदर्शनियों में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित विषयों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यशालाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को पुरातत्व और विरासत संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी मिलेगी।

19 को उद्घाटन, 25 को समापन समारोह

राखीगढ़ी महोत्सव का उद्घाटन समारोह 19 अक्टूबर की सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत होगी। महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों और पर्यटकों को राखीगढ़ी की प्राचीन सभ्यता को समझने तथा इसके ऐतिहासिक महत्व से परिचित होने का अवसर मिलेगा। राखीगढ़ी महोत्सव में हरियाणा की पारंपरिक खेल संस्कृति और लोक कलाओं को भी विशेष स्थान दिया गया है। 22 से 24 अक्टूबर तक कुश्ती दंगल होगा। इसके अतिरिक्त 24 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक हरियाणवी रागनी का विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। रागनी के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध लोक गायन परंपरा, ग्रामीण जीवन और क्षेत्रीय संस्कृति को प्रस्तुत किया जाएगा। ये दोनों कार्यक्रम महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण रहेंगे। सात दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव का समापन 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाले समारोह के साथ होगा। पूरे सप्ताह चलने वाले इस आयोजन में इतिहास, पुरातत्व, शिक्षा, संस्कृति, पारंपरिक खेलों और लोक कलाओं से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान एसडीएम विकास यादव, सीटीएम हिमांशु चौहान, दिनेश श्योरान, विक्की मलिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के राखीगढ़ी दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राखीगढ़ी स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल के प्रस्तावित दौरे को लेकर हांसी पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संबंधित पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और रूट प्लान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के दौरे को ध्यान में रखते हुए सभी सुरक्षा प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं। हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थलों और निर्धारित मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को उसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बताई जाए, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

- एसपी ने अधिकारियों को दिए सुरक्षा के निर्देश
- हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा का खाका तैयार
- रूट प्लान और पार्किंग व्यवस्था पर फोकस

रूट प्लान और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष जोर

एसपी विनोद कुमार ने कहा कि वीआईपी दौरे के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करें। मुख्यमंत्री के आने-जाने वाले मार्गों पर आवश्यक प्रबंध किए जाएं और वाहनों की पार्किंग तथा यातायात संचालन की व्यवस्था इस तरह की जाए कि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। एसपी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएसपी से लेकर थाना प्रभारियों तक को जिम्मेदारी

बैठक में डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी रविंद्र सांगवान, डीएसपी देवेंद्र नैन, डीएसपी दिनेश कुमार, सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, क्राइम यूनिट इंचार्ज सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ड्यूटी निभाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



हिसार। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते पदाधिकारी एवं कर्मचारी।

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच ने किया संगठन का विस्तार

हिसार। हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की हिसार डिपो में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान जितेंद्र शर्मा ने की, जबकि संचालन राज्य प्रेस प्रवक्ता सुरेश सैनी नारनौंद और डिपो सचिव वीरेंद्र किरतान ने किया। बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई और मंच का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गईं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंच के राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र जांगड़ा, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश चमार खेड़ा, फतेहाबाद डिपो प्रधान अनिल खटक व सचिव पवन कुमार, जींद के सचिव विजय शर्मा तथा हांसी के प्रधान अमित खुराना और सचिव राज कपूर सुलचानी उपस्थित रहे। इस दौरान कमल निंबल को डिपो का वरिष्ठ चेयरमैन, सुरेश चालक को सह ऑडिटर, रोशन परिचालक को सह संपादक, नरेश लाडवी को सह सचिव, कृष्ण आर्य नगर को सह प्रवक्ता, संदीप चालक को सह कार्यालय सचिव, नरेश को सह सचिव, रामप्रसाद को सलाहकार और रमेश परिचालक को सह सचिव नियुक्त किया गया। इस मौके पर माधव उकलाना, राधेश्याम सैनी, सुशील धानिया, रमेश प्रभुवाला, राजकुमार किनाला और श्रवण कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

वेतन कटौती के विरोध में कर्मचारियों ने दिया धरना

- वेतन 11,272 से घटाकर 8,776 रुपये करने पर जताया रोष
- मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष वेतन कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

सिंचाई विभाग की आईबी सिटी शाखा के सफाई कर्मचारियों का कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने वेतन में कटौती किए जाने पर रोष जताते हुए विभागीय अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ब्रांच सचिव सोनू जांगड़ा ने बताया कि 15 से 20 वर्षों से पार्ट टाइम स्वीपर (पीटीएस) के पद पर कार्यरत कर्मचारियों का मासिक वेतन 11,272 रुपये से घटाकर 8,776 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के साथ अन्याय बताते हुए वेतन कटौती वापस लेने की मांग की। जिला प्रधान ओमप्रकाश मॉल ने कर्मचारियों से 24 अक्टूबर को मंत्री रणबीर गंगवा के कैंप कार्यालय पर होने वाले महापड़ाव में भाग लेने की अपील की। उन्होंने 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।


ये रहे मौजूद

जिला ऑडिटर सतीश दनोदा ने मांग की कि पीटीएस कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) में शामिल किया जाए और उनसे आठ घंटे काम लिया जाए। उन्होंने पीटीएस कर्मचारियों से सीवर का काम नहीं लेने, झाड़ू व कचरा उठाने के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध करवाने, बरसाती डांगरी व जूतों के लंबित बिलों का भुगतान करने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यभार से मुक्त करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन में करण नैन, रामू शर्मा, अशोक, पवन, सुरेंद्र चहल, अजय वर्मा, राजेश माहिच, विनोद सैनी, सुनील कुमार, प्रताप मिस्त्री, गुरचरण प्रीत, रेशमा, दीपा, सतबीर, सोनू, अनिल, दिनेश, देवीराम, अमित सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

कला उत्सव में तानिया रही द्वितीय

- सोलो डांस में शानदार प्रदर्शन कर जीता निर्णायकों का दिल
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी हांसी खंड का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



सोलो डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तानिया को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य।

उज्ज्वल भविष्य की कामना की

विद्यालय के प्राचार्य सतीश वर्मा और डायरेक्टर संतोष वर्मा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के मार्गदर्शक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन लाल बंसल ने भी तानिया, उसके परिजनों और स्कूल स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी के तत्वावधान में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में सैन्ट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा तानिया ने सोलो डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर समूह नृत्य और एकल नृत्य के माध्यम से अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तानिया ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। उसके शानदार प्रदर्शन पर सभागार तालियों से गूंज उठा। इस उपलब्धि के साथ ही तानिया जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हांसी खंड का प्रतिनिधित्व करेगी। उसकी सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

जमानत पर छूटे 121 अपराधी रडार पर

हांसी। जिले में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए हांसी पुलिस ने जमानत पर बाहर आए अपराधियों की निगरानी तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, आईपीएस के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पांच महीने के दौरान जमानत पर आए 121 व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनकी चेकिंग की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 1 मई से 30 सितंबर 2026 तक जमानत पर आए इन व्यक्तियों की गतिविधियों और उपलब्ध रिकॉर्ड का सत्यापन किया जा रहा है। अभियान की जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारियों के साथ अपराध शाखा हांसी, अपराध शाखा हांसी-2, अपराध शाखा नारनौंद और एवीटी स्टाफ हांसी को सौंपी गई है।

सतत विकास के 17 लक्ष्य बताए

- सीआर लॉ कॉलेज में वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के सीआर लॉ कॉलेज में विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'विकसित भारत @ 2047 एवं युवा भूमिका' तथा 'वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जाट एजुकेशन सोसाएटी के प्रशासक डॉ. अश्वीर सिंह नैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



जवानों से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

मुख्य अतिथि जीजेयू विधि संकाय के डीन प्रो. राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को सतत विकास के 17 लक्ष्यों की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समाज निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि मिलिट्री स्टेशन कैंट हिसार की एजुकेशन ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीषा डबास ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर के अवसरों, चयन प्रक्रिया, शारीरिक व मानसिक फिटनेस के गुर सिखाए। सेवानिवृत्त एजुकेशन इंस्ट्रक्टर रामफल ने वीर चक्र और परमवीर चक्र के महत्व को रेखांकित करते हुए देश के वीर जवानों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान डिबेट, स्पीच, पोएट्री, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, गायन व नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पौधे लगा उनकी देखभाल का दिया संदेश

पौधे लगाना ही नहीं, उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी जरूरी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत संस्थान परिसर में पौधे लगाए गए और उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। संस्थान प्राचार्य भूप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के दौरान विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। भूप सिंह ने कहा कि पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों को विकसित होने तक उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी जरूरी है। पौधों की उचित देखभाल से ही हरियाली बढ़ाने का उद्देश्य पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने, वायु की गुणवत्ता सुधारने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण के दौर में प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पौधों की नियमित सिंचाई करने, उन्हें नुकसान से बचाने और उनकी वृद्धि पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संस्थान परिसर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाए रखने का आह्वान किया गया। विद्यार्थियों को अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी पौधारोपण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुज पंघाल, अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

विपक्ष युवाओं को गुमराह कर देश में अशांति फैलाने की कर रहा कोशिश : अशोक सैनी

हांसी। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने विपक्ष पर युवाओं को गुमराह कर देश में अशांति और अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन इसकी आड़ में हिंसा, टकराव और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास को बढ़ावा देना उचित नहीं है। अशोक सैनी ने नेहा बोरा के बांग्लादेश में वर्ष 2024 के हिंसक आंदोलन को मॉडल या मार्गदर्शक बताने संबंधी बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में उस दौरान हिंसा, जनहानि और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें सामने आई थीं। ऐसे घटनाक्रम को युवाओं के सामने आदर्श के रूप में पेश करने से पहले उसके परिणामों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से भी ऐसे बयानों पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की। भाजपा नेता ने एडवोकेट प्रशांत भूषण के क्रांति और खून-खराबे से संबंधित बताए जा रहे बयान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय लोगों को अपनी भाषा और विचारों के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए।



- बोले- लोकतांत्रिक विरोध की आड़ में अराजकता बर्दाश्त नहीं

मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ प्रदर्शन



हिसार। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते स्वास्थ्य कर्मचारी।

हिसार। मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी कैडर को इस ऑनलाइन तबादला नीति से तुरंत बाहर किया जाए। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सिविल सर्जन के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान विकास संदलाना ने की, जबकि मंच का संचालन जिला सचिव रविंद्र पेटवाड़ द्वारा किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकार उनकी जायज और लंबे समय से चली आ रही मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है, जो कर्मचारियों को आंदोलन के रास्ते पर चलने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं और मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा। इस रोष प्रदर्शन में बजरंग सोनी, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान अशोक सैनी, नितिन चौधरी, बलजीत चहल, सीमा रानी, कांता, सुदेश, सुषमा, सुमन, जितेन्द्र मलिक, सुरेंद्र नरवाल, नितिन चौधरी, ललित उकलाना, विनीत नैन, अंग्रेज सिंह, विनोद, संजय खटक, सुरेश कोहली सहित सैकड़ों की संख्या में बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे

- सीएमओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन
- कैडर को नीति से बाहर करने की मांग

खबर संक्षेप

मां संतोषी आश्रम में दुर्गा अष्टमी पर होगा कीर्तन

हिसार। शहर के मॉडल टाउन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान वैदिक विद्वानों द्वारा विधि-विधान से मां भगवती की पूजा-अर्चना और पाठ किया जा रहा है। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर आश्रम में 18 अक्तूबर, रविवार को शाम 4:00 बजे मां भगवती का विशाल कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसमें टी-सीरीज के प्रसिद्ध कलाकार पंकज मेहता और बाबा की परी भजनों के माध्यम से मां भगवती का गुणगान करेंगे। इसके अलावा महिला मंडली भी कीर्तन में भाग लेकर मां की महिमा का बखान करेगी।

नवरात्र में गरबा और डांडिया महोत्सव आज

हिसार। भारत विकास परिषद की श्री श्याम शाखा, हिसार द्वारा सेवा, समर्पण और संस्कार के मूलमंत्र के साथ नवरात्रे के पावन अवसर पर 17 अक्टूबर को एक रंगारंग गरबा एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रधान संजय मित्तल व सचिव संदीप मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन हकृवि स्थित म्हारी माटी एग्री टूरिज्म सेंटर के प्राकृतिक और मनोरम परिसर में किया जाएगा। आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

श्रीराम को राज सिंहासन की जगह मिला 14 वर्ष वनवास

कटला रामलीला में श्रीराम वनगमन व केवट पर कृपा का भावपूर्ण किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में श्रीराम वनगमन व केवट पर कृपा का भावपूर्ण मंचन देखकर दर्शक अभिभूत हो गए। जब प्रभु श्रीराम को राज सिंहासन की जगह 14 वर्ष का वनवास मिला तो दर्शक भावविह्वल हो गए। श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण ने वनवास जाते समय अपने सभी राजसी वस्त्रों व आभूषणों का त्याग कर दिया और साधारण वस्त्र धारण करके वन की तरफ चल पड़े। रामलीला में केवट पर कृपा का भी बड़े ही प्रभावशाली ढंग से मंचन किया गया। शनिवार को 17 दर्शकों को सुग्रीव मित्रता, बाली वध व लंका दहन देखने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व विधायक चंद्रप्रकाश मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश ने कहा कि रामलीला केवल कथा देखने का माध्यम नहीं है बल्कि इसे आत्मसात करके चिंतन व मनन करना चाहिए। इस दौरान डॉ. बाल कृष्ण गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। पूर्व पार्षद कांता गोयल, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. नकुल गुप्ता, राजेंद्र लोहिया, न्यायप्रिय, सोनू चुघ व नवीन मित्तल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में रामलीला की शोभा बढ़ाई।

रामलीला के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल, सह सचिव राजकुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रभान सोनी, दिनेश जैन व प्रवीन सिंगल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



हिसार। कटला रामलीला में अभिनय करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*



हिसार। विद्युत नगर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*



नारनौंद। रामलीला के मंच पर मंचन करते हुए कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

पिता दशरथ के वचन की मर्यादा रखते हुए भगवान श्रीराम ने स्वीकारा वनवास

हिसार। विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला समिति, द्वारा स्वामी देवेंद्र शास्त्री के निर्देशन में राम वनवास एवं भरत मिलाप के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया। भगवान श्रीराम द्वारा पिता के वचन की मर्यादा रखते हुए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार करने तथा भरत द्वारा श्रीराम के प्रति त्याग, प्रेम और समर्पण प्रदर्शित करने के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड 14 से नगर पार्षद डॉ. सुमन यादव रहीं। अध्यक्षता प्रधान विनोद सिंह रावत, गढ़वाल सभा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में महासचिव राजे सिंह रावत, एवं कोषाध्यक्ष रमेश गुसाईं, गढ़वाल सभा, हिसार सहित सभा की समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही। अतिथियों ने रामलीला के आयोजन की सराहना करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश रावत, प्रधान प्रेम सिंह रावत, उपेंद्र शर्मा, अनिल भट्ट, गजेंद्र सिंह गुसाईं, पीतांबर दत्त पांडेय, जगतराम (जौकर), हीरो सिंह रावत, राजेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, महेंद्र बडोला सहित समिति की समस्त कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

'राज के बदले माता मुझको हो गया हुक्म फकीरी का' से माहौल हुआ गमगीन

नारनौंद। लोहारी राघो में श्रीरामा रामलीला कल्ब के बैनर तले चल रही ऐतिहासिक रामलीला में राम बनवास का बेहद ही सुदर व भावुक मंचन किया गया जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। प्रसंग को देख किसी की आंख से अश्रुधारा बहने लगी तो किसी दर्शक का गला भर आया। कैकेयी व राजा दशरथ और कौशल्या व राम के बीच का संवाद सबसे ज्यादा काबिले तारिफ रहा। भगवान श्रीराम जब माता कौशल्या को 14 वर्ष के लिए बनवास जाने का समाचार लेकर पहुंचने के अवसर पर राम द्वारा गाया गीत 'राज के बदले माता मुझको हो गया हुक्म फकीरी का' ने माहौल को पूरी तरह से गमगीन कर दिया। रामलीला का शुभारंभ मुख्यातिथि डीएसपी देवेंद्र नैन व डॉ. प्रवीन चावला ने रिबन काटकर किया।

रामलीला में राजा दशरथ और राम के चौदह वर्ष के वनवास मंचन को देख कई दर्शक भी अपनी आंखों से अश्रु नहीं रोक पाए। राम के वनवास जाने की बात सुन लक्ष्मण और सीता भी वन में जाने की बात कहते है। राम सीता व लक्ष्मण माता-पिता से आज्ञा लेकर वन की ओर निकल पड़ते हैं। इस अवसर पर कल्ब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना, जिंदर मुंडा, ईश्वर, गोपी, कर्ण सैनी आदि मौजूद थे।

दिव्यांगजन पेंशन के लिए न्यूनतम आयु की शर्त हटाई



हिसार। केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन पेंशन के लिए न्यूनतम आयु की शर्त हटाने का दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र ने स्वागत किया है। अध्यक्ष एवं हिसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित दिव्यांगजन कोर यूनिट के सदस्य सीए रामनिवास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन पेंशन के लिए न्यूनतम आयु की शर्त हटाकर जन्म से पात्रता का प्रावधान करने के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में यह सराहनीय कदम है। यह निर्णय उन परिवारों की परिस्थितियों को समझने वाला मानवीय कदम है, जिनके बच्चों को जीवन के प्रारंभ से ही विशेष देखभाल और सहायता की आवश्यकता होती है।

राज्य शिक्षक अवार्ड मिलने पर प्राचार्य मोर को किया सम्मानित



हिसार। प्राचार्य यशपाल मोर को सम्मानित करते गणमान्य व्यक्ति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी के प्राचार्य यशपाल मोर को राज्य शिक्षक अवार्ड मिलने पर अध्यापक सम्मान समिति खैरी द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने प्राचार्य को सम्मानित करते हुए इसे पूरे गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यशपाल मोर को राज्य स्तर पर मिला यह सम्मान उनकी कर्तव्यनिष्ठा, शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। इस अवसर पर प्राचार्य यशपाल मोर ने अध्यापक सम्मान समिति, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

छात्राओं को पुलिस ने महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति किया जागरूक

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में जिला निरीक्षक सुनीता द्वारा छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, उनके कानूनी अधिकारों तथा सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला निरीक्षक सुनीता ने छात्राओं को छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, पीछा करना, साइबर उत्पीड़न, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अन्य अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में साहस और सूझबूझ से काम लेने के लिए प्रेरित किया।

अग्रोहा में पेयजल संकट को लेकर धरने पर पहुंचे बहबलपुरिया, ग्रामीणों की मांगों को दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा गांव में लंबे समय से चली आ रही मीठे एवं स्वच्छ पेयजल की समस्या के समाधान और नई पाइपलाइन बिछाने की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर चल रहे ग्रामीणों के धरने पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, हिसार (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया पहुंचे। उन्होंने धरनारत ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी मांगों को जायज बताते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

बृज लाल बहबलपुरिया ने कहा कि अग्रोहा गांव में लंबे समय से ग्रामीण मीठे एवं स्वच्छ पेयजल की समस्या का सामना कर रहे हैं। स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक की बुनियादी आवश्यकता है, लेकिन ग्रामीणों को अपनी इस मूलभूत जरूरत के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अग्रोहा सरपंच आत्माराम, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश केडी अग्रोहा, अनूप गोदारा राजेंद्र खान, परमजीत जाखड़, राजवीर भाम्बू, सतपाल ढाका, रामपाल, अजीत राठौर, सतपाल राठी, सोनू जांगड़ा, अनिल गोदारा, धर्मवीर जाखड़ आदि उपस्थित रहे।



होली चाइल्ड के जतिन ने शूटिंग चैपियनशिप में पाया पांचवा स्थान

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जतिन ने पांचवीं हरियाणा राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर वर्ग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जतिन ने अपनी प्रतिभा, एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की और विद्यालय का नाम रोशन किया। जतिन एक आईएसएसएफ शूटर हैं और उन्होंने आठवीं कक्षा से ही शूटिंग का अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्होंने तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित स्कूल नेशनल्स में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु व प्रधानाचार्या अनिता पन्नू दलाल ने जतिन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं।



बरवाला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते डॉ. नीलम गिल व अन्य।

राजकीय कॉलेज बरवाला की पूजा व दीप्ति ने परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, सम्मानित

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय बरवाला के वाणिज्य विभाग की ओर से जीजेयू परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रवक्ता पंकज कुमार और आशीष कुमार ने बताया कि महाविद्यालय की बी.कॉम. की छात्रा पूजा ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, एम.कॉम. की छात्रा दीप्ति ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप ढांडा और डॉ. नीलम गिल ने कहा कि उनकी उपलब्धियाँ परिश्रम, लगन का परिणाम हैं। पूजा और दीप्ति की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य तय करने और पूरे समर्पण से उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता ने भी छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना की। इस अवसर पर विभाग के सदस्य पंकज कुमार, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, अनिका, डॉ राहुल, डॉ इंद्रा और सुनील उपस्थित रहे।

रजत विजेता निलेश का एसपी ने किया उत्साहवर्धन

हिसार। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर हिसार पुलिस का गौरव बढ़ाने वाले निलेश से मुलाकात कर उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निलेश पुलिस लाइन हिसार में तैनात एएसआई धर्मबीर के 20 वर्षीय बेटे हैं। निलेश बधिर हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा खेल प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल की है। बता दें कि 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक मलेशिया में आयोजित एशिया पैसिफिक स्पोर्ट्स कॉन्फेडरेशन की प्रतियोगिता में निलेश ने एथलेटिक्स की 4 गुना 400 मीटर रिले स्पर्धा में अपनी टीम के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।

शहर के मधुबन पार्क में टूटे हुए झूलों को ठीक करवाने की मांग, हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



शहर के मधुबन पार्क में पिछले कुछ समय से झूले टूटे हुए हैं। ये झूले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन हुए हैं। खेलते समय बच्चों को चोट लगने का भी अंदेशा बना रहता है। यहां प्रतिदिन सैर करने आने वाले नागरिक सतपाल अरोड़ा, राजेश कुमार, हरभगवान, राजबीर, चंद्र आदि ने बताया कि वे सुबह यहां सैर करने आते हैं और कई बार देखते हैं कि ये झूले टूटे हुए हैं लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं। छोटे बच्चे कई बार झूलने का प्रयास करते हैं लेकिन अंदेशा रहता है कि कहीं चोट ना लग जाए। यहां लगे झूलों में सर्कल घूमाने के लिए हैंडिल नहीं है जो टूट चुका है और अन्य कुछ झूले भी टूटी हालत में हैं। इसलिए इन झूलों की मरम्मत की जाए यहां इन्हें प्रयोग में ना लाने दिया जाए। शहर के पुराने पार्कों में शुमार मधुबन पार्क एक खुला और हरियाली से भरपूर पार्क है जहां अनेक लोग सैर करने के लिए आते है।

ओशो ध्यान उपवन में नव ऊर्जा का जागरण

हिसार। लगातार बढ़ रही व्यस्तता के बीच ध्यान व ऊर्जा के महत्व को समझाने और ध्यान से स्वयं को जोड़ने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 18 अक्टूबर को एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। ध्यान नव ऊर्जा का जागरण विषय पर आधारित यह शिविर प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक जारी रहेगा। मेडिटेशन कैंप के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि इस शिविर में साधकों को ध्यान व ऊर्जा का महत्व समझाया जाएगा। इसके साथ ही ओशो की देशनाओं व उनके द्वारा बताई गई विभिन्न ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाया जाएगा। इतना ही नहीं ध्यान के सैद्धांतिक पक्ष को समझने के साथ-साथ उसके व्यावहारिक अभ्यास पर भी विशेष जोर रहेगा।



हिसार। शैक्षणिक भ्रमण करते लुवास के विद्यार्थी।

लुवास में जम्मू के 68 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, अनुभागों की ली जानकारी

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू के 68 विद्यार्थियों एवं दो शिक्षकों ने उत्तर भारत शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत दौरा किया। विद्यार्थियों के साथ डॉ. नजम और डॉ. इमरान भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लुवास के विभिन्न शैक्षणिक एवं अनुसंधान अनुभागों का अवलोकन किया। उन्होंने पशु चिकित्सा क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स, विभिन्न प्रयोगशालाओं, फार्म, पशु प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग, पैथोलॉजी विभाग तथा विस्तार शिक्षा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इन विभागों एवं इकाइयों के भ्रमण से विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा सेवाओं, रोग निदान, प्रयोगशाला कार्यप्रणाली, फार्म प्रबंधन और पशुपालकों तक वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने की प्रक्रियाओं को करीब से समझने का अवसर मिला।

पेड़-पौधे स्वच्छ हवा के साथ पर्यावरण संतुलन बनाने में भी निभाते हैं भूमिका : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में पौधरोपण कर हरित एवं सतत पर्यावरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। पौधरोपण करने के पश्चात कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज अधिकारियों के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'हरित एवं सतत कृषि की ओर एक कदम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय परिसर में टरमेलिया का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा भू-दृश्य संरचना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रो. काम्बोज ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। पेड़-पौधे हमें स्वच्छ हवा देने के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना और हरियाली बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सफल होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें समय पर पानी देना और सुरक्षित रखना भी जरूरी है, ताकि वे अच्छी तरह विकसित हो सकें। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

फ्रेशर पार्टी में सांस्कृतिक गतिविधियों से मोहा मन



हिसार। गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के भारती गर्ल्स हॉस्टल में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में हॉस्टल कन्वीनर प्रो. स्नेहलता, असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिव्या, असिस्टेंट प्रो. जयश्री, हॉस्टल वार्डन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर (बॉटनी) भारती तथा हॉस्टल सुपरिंटेंडेंट सोनिका जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही हॉस्टल अटेंडेंट सुशीला एवं सरोज भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर ईशू को मिस फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया।

एफएलएन प्रशिक्षण से सशक्त हो रहे शिक्षक, बच्चों की मजबूत नींव पर जोर

- शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण, 21 तक रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। प्रशिक्षण प्राप्त करते शिक्षक।

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड हिसार-द्वितीय में प्राथमिक शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) प्रशिक्षण पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। यह प्रशिक्षण आर्य नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 21 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

प्रशिक्षण के प्रथम बैच में तीन समूहों के अंतर्गत कुल 127 प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण विधियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण, शिक्षण-अधिगम सामग्री के उपयोग, दक्षता-आधारित शिक्षण तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर के आकलन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा-कक्ष में शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा पढ़ने, लिखने और गणितीय अवधारणाओं को समझने में दक्ष बन सके। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर नीतू जांगड़ा, डॉ. मानसी, सोमा, उपासना, ज्योति शर्मा एवं ज्योति सिहाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

DUSSEHRA DHAMAKA SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

17 Oct to 20 Oct

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

आपको और आपके परिवार को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!

MEWA WALA DRYFRUITS — UPTO 50% OFF
KHUSHI`S MASALE — BUY 1 GET 1 FREE
COMPLAN ROYAL CHOCOLATE 700 G — BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE

FRESCA / MANIA 1 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 FREE
DEEHAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79
REDBULL — MRP - ~~₹125~~ ₹99
PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L — ₹79
MINCHY'S JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG — BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA PACK OF 24 — MRP -~~₹240~~ ₹190
TIP TOP / FUN FLIP — BUY 1 GET 1 FREE
UTSAV PAPAD — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KAJU 250 GM — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA — BUY 2 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G) — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
APIBEE HONEY — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA FUSILLI 450GM — BUY 1 GET 2 FREE
GOOD LUCK NAMKEEN — BUY 1 GET 2 FREE
COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS — BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE — BUY 1 GET 1 FREE
BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM — BUY 1 GET 2
NISHA BISCUIT 300GM — BUY 1 GET 2
FORTUNE MUSTARD OIL 1L — MRP -~~₹230~~ ₹195
FORTUNE AATA 10KG — MRP -~~₹485~~ ₹415
SHILLS WIPES / MASK — BUY 1 GET 2 FREE
MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM — ₹59

TOP / MOTHER PICKLE 950G — BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP -~~₹150~~ ₹105
AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP -~~₹499~~ ₹445
PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM — BUY 1 GET 2 FREE
LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N — BUY 1 GET 2 FREE
EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
KTRIQ / IHP — BUY 1 GET 1 FREE

ADDRESS - TOWER ENCLAVE, JINDALCHOWK - RAIPUR RD, OPPOSITE HDFC BANK, VIDYUT NAGAR, HISAR, HARYANA.
CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91-98969 38427
SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.